हिन्दुस्तान 02
गुरुवार, 23 जून 2022
www.livehindustan.com

# नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया

फरीदाबाद। बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज में विश्व ड्रग्स दिवस मनाया गया। इस दौरान छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता नें बताया कि कॉलेज में विश्व ड्रग्स दिवस के तहत पखवाड़ा मनाया गया। इस अवसर पर आमजन में जागरूकता बढ़ाने, नशीली दवाओं के खतरे को रोकने एवं निवारण करने के विषय पर जागरूकता अभियान, स्लोगन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।